आज दिनांक–12.03.2024 (मंगलवार) को अपराहन 1:00 बजे स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 30वीं बैठक आहूत हुई। बैठक की कार्यवाही निम्नवत हैः–

1. उपस्थितिः– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुएः–

क्र.सं.	नाम/पदनाम	समिति में धारित पद	हस्ताक्षर
1	डॉ. प्रसाद पासवान, प्राचार्य	अध्यक्ष	
2	श्रीमती राधा कुमारी, शिक्षिका	सदस्य	
3	श्री उदय कुमार मराण्डी, शिक्षक	विशेष आमंत्रित सदस्य	
4	श्री रौशन कुमार बक्शी, प्रशासनिक पदाधिकारी	सदस्य	
5	श्री अमित कुमार, कोषपाल	विशेष आमंत्रित सदस्य	

2) बैठक में प्राचार्य द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि अंतर आश्रमवर्गीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 जिसका आयोजन दिनांक–11.03.2024 से 13.03.2024 तक किया जा रहा है के निमित छात्रों के कुशल मार्गदर्शन के लिए श्री शैलेश कुमार शर्मा, चीफ कोच रामगढ़ कैन्ट को दिनांक–20.02.2024 को ही नेतरहाट आमंत्रित किया गया था। श्री शर्मा अपना बहुकीमती समय निकालकर विद्यालय में छात्रों के निरंतर अभ्यास, ज्ञानवर्द्धन में मदद के साथ–साथ कुशल मार्गदर्शक का भी कार्य कर रहें है। प्राचार्य द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि श्री शर्मा को एक सम्मानजनक मानदेय की राशि दिया जाना उचित होगा। विचार–विमर्श के आलोक में सभी सदस्यों का यह सुझाव/मंतव्य रहा कि विद्यालय में प्रशिक्षक के **मूल वेतन** के हिसाब से श्री शर्मा को प्रति कार्य दिवस के आधार पर भुगतान किया जा सकता है। तद्नुसार सदस्यों के इस प्रस्ताव के आधार पर नियमानुसार श्री शर्मा को भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया, साथ ही यह भी निर्णय हुआ कि इसकी संपुष्टि कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की आगामी बैठक में प्राप्त कर ली जाय, ताकि भविष्य में इस प्रकार के नियमों पर निर्णय लेने में समस्याएँ न हो।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

12.03.2024
(श्री अमित कुमार)
विशेष आमंत्रित सदस्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय

12/3/24
(श्री रौशन कुमार बक्शी)
सदस्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय

12.3.24
(श्री उदय कुमार मराण्डी)
विशेष आमंत्रित सदस्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय

12/3/24
(श्रीमती राधा कुमारी)
सदस्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय

12/03/24
(डॉ. प्रसाद पासवान)
अध्यक्ष
नेतरहाट आवासीय विद्यालय